

Amandeep Saluja
Sambalpur
Mob.: 9439223228

# संबलपुर-झारसुगुडा

Email:kalingasamachar@gmail.com

Subash Sahare
Jharsuguda
8895148275



## एमसीएल आनन्द विहर स्थित श्री श्री ईशानेश्वर महादेव मन्दिर में जागरयात्रा





सम्बलपुर,२५/२(संवाददाता): एमसीएल शिवपूजा कमिटी के सदस्यों ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर दिनांक 21-2-2019 को श्री श्री ईशानेश्वर महादेव मन्दिर में महाशिवरात्रि पूजा एवं जागरयात्रा का आयोजन किया । सुबह 8 बजे से सर्वदेवा देवी पूजा मातृ पूजा एवं सूर्य पूजा एवं पार्श्व देवादेवी पूजा किया गया । शाम 6 बजे से 9 बजे तक महादीप प्रज्ज्वलन एवं प्रथम प्रहर पूजा किया गया । 9 से 12 बजे तक द्वितीय प्रहर एवं 12 से 3 बजे तक तृतीय प्रहर एवं 3 से सुबह 6 बजे तक चतुर्थ प्रहर पूजा किया गया । इसप्रकार शाम 6 से सुबह 6 बजे तक चारों प्रहर में ईशानेश्वर महादेव बाबा को दुधाभिषेक घृत अभिषेक दधि अभिषेक एवं मधू अभिषेक आदि किया गया । एमसीएल व आस पास के नगर वासियों ने बाबा ईशानेश्वर महादेव को पूजा अर्चना की । उक्त पूजा कार्यक्रम में जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती मंजुला शुक्ला एवं उपाध्यक्षां श्रीमती पद्मजा सिंह एवं श्रीमती पद्मनी वासुदेवन एवं वरिष्ठ सलाहकार श्री लीलानन्द मिश्रा एवं उनकी पत्नी व पूर्वउपाध्यक्षा जागृति महिला मंडल श्रीमती मधू मिश्रा आदि पधार कर पूजा अर्चना की । एमसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी महादेव की पूजार्चना की । शिवपूजा कमिटी के महा सचिव श्री सुधाकर सामल सर्वश्री श्री महेन्द्र दाश श्री हीरालाल विश्वाल श्री गतिकृष्ण नन्द श्री लाल मोहन पटनायक श्री रामचन्द्र नाहक आदि के सहायोग से पूजा कार्यक्रम सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ । श्री गौर बसन्तिआ एवं श्रीमती विष्णुप्रिया बसन्तिआ पूजाकर्ता की भूमिका निभाया । सभी श्रद्धालुओं ने मनोकमना जागर दीप जलाकर मन्नत मांगी एवं महादेव से अराधना एवं वंदना की ।

## रिश्वतखोरी में महानगर निगम का अमीन गिरफ्तार



संबलपुर,२५/२(संवाददाता): सोमवार को संबलपुर महानगर निगम कार्यालय में उस समय हड़कंप सा मच गयाए जब संबलपुर विजिलेंस की टीम ने प्लानिंग सेक्शन के अमीन प्रसन्न कुमार परिड़ा को रिश्वत के 15 हजार रुपये के साथ रंगेहाथ दबोच लिया। ऐसे में निगम के अन्य कर्मचारियों में खलबली सी मच गयी। लोगों की मानें तो निगम के अन्य कई विभागों में भी रिश्वत मांगने का चलन शुरू हो गया है। खासकर सरकारी योजनाओं के हिताधिकारियों से रिश्वत मांगा जा रहा है। विजिलेंस के सूत्र के अनुसारए 23 फरवरी को स्थानीय अईंठापाली थाना अंतर्गत गोपालमाल इलाके में रहने वाली तृप्तिमयी पंडा ने महानगर निगम के प्लानिग सेक्शन के अमीन प्रसन्न कुमार परिड़ा के खिलाफ रिश्वत मांगने का रिपोर्ट दर्ज कराया था। इस रिपोर्ट के दर्ज होने के बाद शिकायतकर्ता तृप्तिमयी को रासायनिक लेप लगे दो हजार के चार और पांच सौ के चौदह नोट देकर सोमवार को अमीन के पास भेजा गया था। अमीन प्रसन्न कुमार परिड़ा ने जैसे ही तृप्तिमयी से रिश्वत का रुपये लिया तभी विजिलेंस की टीम ने उसे गवाहों की उपस्थिति में दबोच लिया और रासायनिक लेप लगे रुपये उसके पास से बरामद कर लिया। उसके खिलाफ रिश्वतखोरी का मामला दर्ज कर संबलपुर स्पेशल विजिलेंस जज के समक्ष हाजिर कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। आरोपी को केंद्रापाड़ा जिला के महाकालपाड़ा का बताया गया है। उधर रिश्वतखोरी का पर्दाफाश करने वाली तृप्तिमयी पंडा ने मीडिया को बताया है कि उसने अईंठापाली थाना अंतर्गत बंशीधर नगर में पांच डिसमिल का एक जमीन खरीदा हैए जिसपर मकान निर्माण के लिए उसने 20 जनवरी के दिन महानगर निगम के प्लानिग सेक्शन में आवेदन करने समेत समस्त औपचारिकता और फीस भी चुका दिया था। प्लानिग पास होने की जानकारी लेने की खातिर जब वह कुछ दिन पहले प्लानिग सेक्शन गयी थी तब अमीन प्रसन्न कुमार परिड़ा ने इसके लिए 30 हजार रुपये की मांग की थी। उसने बताया था कि बगैर रुपये के प्लानिग मेंबर अली बाबू और सामल बाबू उसकी प्लानिग को पास नहीं करेंगे। तृप्तिमयी ने जब इतने रुपये देने में खुद को असमर्थ बताया तब अमीन ने 15 हजार रुपये नहीं देने पर वर्षों तक प्लानिग लटके रहने की बात कही। इसी के बाद मजबूर होकर तृप्तिमयी रिश्वत के 15 हजार रुपये देने पर राजी हो गयी और फिर इस बारे में विजिलेंस से शिकायत दर्ज करा दी। इसी के बाद विजिलेंस ने योजना बनाकर रिश्वतखोरी के आरोप में अमीन प्रसन्न कुमार परिड़ा को रंगेहाथ दबोचा।

## गाय से टकराकर बाइक दुर्घटनाग्रस्त,एक की मौत,एक घायल



झारसुगुड़ा,२५/२(संवाददाता): बेलपहाड़ गोमाडेरा सड़क पर रविवार शाम को एक गाय से टकराकर दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गएए जिसमें एक की बुर्ला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गौंतियापड़ा निवासी 22 वर्षीय युवक रविवार शाम को करीब छह बजे अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल में गोमाडेरा मंगला मंदिर से टीआरई क्लब की ओर जा रहा था तभी गौरीशंकर मंदिर के पास में उनकी टक्कर एक गाय से हो गई। टक्कर इतनी भयावह थी कि दोनों बाइक सवार घायल हो गए एवं सिर में चोट लगने की वजह से आकाश की हालत गंभीर थी। दोनों को अविलंब टीआरएल अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत को देखते हुए आकाश का स्थानांतरण बुर्ला मेडिकल कॉलेज अस्पताल कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार देर रात में आकाश का इलाज के दौरन मौत हो गई। उसके साथी की चिकित्सा के बाद अस्पताल से छुट्टी कर दिए जाने की जानकारी मिली है। सड़को पर घूमते आवारा व पालतू पशुओं के कारण होने वाली इन दुर्घटनाओं पर इलाकेवासियों का काफी आक्रोश है।

## राइजिंग स्टार फुटबॉल पर जहाजपड़ा का कब्जा



झारसुगुड़ा,२५/२(संवाददाता): बेलपहाड़ गोमांडेरा के अमर ज्योति क्लब द्वारा आयोजित राइजिग स्टार फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार को खेला गया। पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी टिकेश्वर खंडा दिलीप प्रधान यज्ञ नायक किरण मोहंत सुशांत सेठ तथा भारती दास की याद में आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 16 दलों ने अंश ग्रहण किया। जहाजपड़ा के कलिग यूथ एसोसिएशन तथा लखनपुर की हमारी पुलिस समिति के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले में कोई भी दल निर्धारित समय में गोल नहीं कर सका और टाई ब्रेकर की सहायता ली गई। इसमें जहाजपड़ा ने 9/8 के अंतर से लखनपुर को हराकर प्रतियोगिता पर कब्जा कर लिया। जहाजपड़ा के सरोज बेनिया को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी लखनपुर टीम को सबसे अनुशाषित दल तथा अरुण बुदुला को श्रेष्ठ फारवर्ड खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया। खेल का संचालन देवाशीष बाग प्रदीप नायक रमणी माझी संजय साहू किशन दास महेंद्र बर्गित टार्जन बिश्वाल नवीन देव क्षमाशील किसान सन्यासी मुंडा राजेश पटेल राजकुमार मंडल तथा राम सिदरिया आदि में संचालन में सहयोग किया। समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह के अतिथियों के दायित्व निभाते हुए जिला खेल संघ के उपाध्यक्ष जीवन महंती जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष प्रज्वल पटेल डॉ दिलीप नायक अमूल्य पति अमरज्योति क्लब अध्यक्ष डॉ एपी मिश्र लखनपुर थाना प्रभारी बैकुंठ बिहारी सेठ पंचानन नायक गणेश सेठ युधिष्ठिर महन्त सरोज प्रधान रमेश साहू मनोज मिर्धा अशोक प्रधान टिकेश्वर किसान बनमाली पांडे तथा मनोज जयपुरिया इत्यादि ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। विजेता दल को २० हजार व ट्रॉफी तथा उपविजेता दल को ट्रॉफी व 15 हजार के नकद पुरस्कार से नवाजा गया।

## जुआ खेलते चार गिरफ्तार



संबलपुर,२५/२(संवाददाता): स्थानीय खेतराजपुर थाना अंतर्गत तालभट्टा पाड़ा से रविवार की शाम गिरफ्तार चार जुआड़ियों को पुलिस ने सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। चारों आरोपी उसी मोहल्ले के बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार रविवार की शाम पुलिस को तालभट्टा पाड़ा के एक ठिकाने पर जुआ खेल के बारे में सूचना मिली थी जिसके बाद पुलिस ने औचक छापेमारी कर जुआ खेलते सरोज लुहा जितेन तांडी मनोज कंहर और राजेश बाग को नकद 153० रुपये व तास के पत्तों के साथ गिरफ्तार किया।

## बिजली खंभे से टकराई स्कूटी

संबलपुर,२५/२(संवाददाता):महानदी तट के रिंग रोड में सड़क किनारे लगाए गए बिजली के खंभों को लेकर जैसी आशंका की जा रही थी वह सच साबित हो गयी। रविवार को एक स्कूटी ऐसे ही एक खंभे से टकराई जिससे एक की मौत हो गयी व एक घायल हो गया। घायल को गंभीर हालत में इलाज के लिए बुर्ला हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। मृतक का नाम सुदाम नाग और उसे अईंठापाली थाना अंतर्गत दानीपाली का बताया गया है। संबद्ध खेतराजपुर पुलिस दुर्घटना का मामला दर्ज कर घटना की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसारए यह हादसा तब हुआ जब रविवार को दो युवक एक स्कूटी से कहीं जा रहे थे। स्कूटी जब समलेश्वरी मंदिर के पीछे रिग रोड से गुजर रही थी तभी समलेश्वरी मंदिर के पीछे अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक बिजली खंभे से टकरा गयी। स्कूटी में सवार सुदाम नाग और आनंद कुंवर गंभीर रुप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए बुर्ला हॉस्पिटल भेजा गयाए जहां सुदाम की मौत हो गयी। बताया गया है कि लोहे के खंभे से टकराने से दोनों के सिर और छाती पर गहरी चोट लगी थी। घायल आनंद को स्थानीय चेरुआपाड़ा का बताया गया है। गौरतलब है कि रिग रोड के दोनों किनारों के फूटपाथ से बाहर सड़क की ओर बिजली और एक कंपनी का फाइबर केबल के खंभे लगाए गए हैं जिससे ऐसे सड़क हादसों का खतरा बढ़ गई है।


MCL

**महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड**
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
जागृति विहार, बुर्ला- 768020, जिला-सम्बलपुर (ओड़िशा)
दूरभाष (ईपीएबीएक्स): 0663-2542461 से 469 वेबसाइट: http://www.mahanadicoal.in

**ई-निविदा सूचना**

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड की निम्नलिखित ई-निविदाएँ, कोल इंडिया लिमिटेड की ई-निविदा पोर्टल (**https://coalindiatender.nic.in**) में प्रकाशित है जिन्हें केन्द्रीय सार्वजनिक प्रापण पोर्टल (**https://eprocure.gov.in**) पर भी देखा जा सकता है। परवर्त्ती विस्तृत विवरण के लिए कृपया इन वेबसाइट्स को देखें।

| क्र. सं. | निविदा आईडी | कार्य/सेवा का नाम | निविदा मूल्य (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2020_MCL_165606_1 | Procurement of spares of LED Cap Lamp. | 1527274.00 |
| 2 | 2020_MCL_165618_1 | Construction of compound wall and gate at Panchayat High School at Joragadia under CSR of Bharatpur Area. | 1325925.00 |
| 3 | 2020_MCL_165609_1 | Repair and calibration of 8 nos. of Fuel Injection Pumps (FIPs) and 2 sets of Injectors/ Nozzles suitable for BSA6D170 engines applicable to BEML make BD-355/ BE1000 Excavators. | 933970.00 |
| 4 | 2020_MCL_165663_1 | Maintance of plumbing work at NRBs under GM unit Bharatpur Area for a period of two years. | 1412107.00 |
| 5 | 2020_MCL_165738_1 | Complete Wiring of Sr. Transit House at CWS IB Valley Colony. | 170337.00 |
| 6 | 2020_MCL_165754_1 | Supplying of water to the water scarce villages Kandhal, Langijoda and Jadunathpur of Talcher sub-division for the year 2020 (Package-III) under CSR work, Lingaraj Area. | 1540487.00 |
| 7 | 2020_MCL_165757_1 | Cleaning and upkeeping of in motion weigh bridges installed at Lingaraj OCP, Lingaraj Area (For a period of 730 days). | 1502970.00 |
| 8 | 2020_MCL_165756_1 | Renovation of Kandhal Tentulia bandh (pond) under CSR works of Lingaraj Area. | 797785.00 |
| 9 | 2020_MCL_165755_1 | Supplying of water to the water scarce villages Kankili (Part-B) and Kalandi Prasad of Talcher sub-division for the year 2020 (Package-XIV) under CSR work, Lingaraj Area. | 1746177.00 |
| 10 | 2020_MCL_165758_1 | Maintenance of lawn, garden and plantation area of 2 nos. parks, dispensary and community centre at Lingaraj Township under Lingaraj OCP, Lingaraj Area (For 2 years). | 2186172.00 |
| 11 | 2020_MCL_165689_1 | Repairing/Overhauling of Submersible motor of 200HP, 500GPM, 2900RPM, 550V Pullen make, P-14 type submersible Motor having Sl.No.-PP33709 and another set of Submersible Pump-Motor of 230HP, 2900RPM, 550V, 1000GPM having Sl.No-PP35186 of Handidhua Colliery. | 608109.00 |
| 12 | 2020_MCL_165791_1 | Empanelment and Appointment of Auditors for Coal Sale Audit and Physical Verification of Fixed Assets Audit of MCL for the year 2020-21 and further renewal for two years 2021-22 and 2022-23 on performance basis. | 11174064.00 |
| 13 | 2020_MCL_165646_1 | Repair and maintenance of old bank building and providing shelves for keeping records for office use at CWS(X) Talcher. | 673008.00 |
| 14 | 2020_MCL_165779_1 | Hiring of HEMM (Shovel/Dumper/Drill/Dozer etc.) for rehandling of OB and removal of all type of materials in various strata incl drill, excv, dump, spread, doz and oth alli work in spec area for dump at Basundhara West OCP Mahalaxmi Area. | 394037629.00 |
| 15 | 2020_MCL_165787_1 | Miscellaneous repair works i.e. glass renewing replacement of CGI sheet of motor cycle stand and extension of ladies toilet and extension of motor cycle stand etc. at MEETI of CWS(X) Talcher (ReTender). | 1106221.00 |
| 16 | 2020_MCL_165790_1 | Hiring and installation of 266 nos. of air coolers (including maintenance) for 90 days at different places of Basundhara and Mahalaxmi Area. | 1068667.00 |
| 17 | 2020_MCL_165810_1 | Maintenance of drains and culvert during Monsoon period at Kaniha OCP of Kaniha Area. | 262498.00 |
| 18 | 2020_MCL_165812_1 | Providing and Fixing of RCC Hume pipes in and around mines premises of Kaniha OCP of Kaniha Area. | 645827.00 |
| 19 | 2020_MCL_165713_1 | Stability Test. | 424800.00 |
| 20 | 2020_MCL_165767_1 | Laying of 6 inch M.S. pipe line under 02 ft earth surface, providing and fitting of sprinklers for dust suppression towards platform of all along the BOCM-III siding of BOCM, Lakhanpur Area. | 260001.00 |
| 21 | 2020_MCL_165840_1 | Procurement of spares for UDM machine. | 2807881.00 |
| 22 | 2020_MCL_165798_1 | Cutting of garland drain to divert overflow water of Tingismal pond to Lilari nallah at LKP OCP of Lakhanpur Area. | 4109582.00 |
| 23 | 2020_MCL_165884_1 | Making System ready through PLC in all respect to meet all the extant statutory provisions and policy guidelines for Verification and Stamping (by Weights and Measures Department, Odisha) of Pre-weigh Hoppers in Wagon Loading System at New Silo, BOCP. | 236000.00 |
| 24 | 2020_MCL_165871_1 | Hiring of HEMM (Shov, Tipp, Drill, Doz etc.) for transfer and transportation of materials in various strata incl drill, excv, dump, spread, doz and oth alli work in spec area for dump as per intruc of Proj Office or Mngmt of Kaniha OCP Kaniha Area. | 819349992.00 |
| 25 | 2020_MCL_165894_1 | Repair of watch tower No. 05, 06 and providing window mosquito proof net with aluminium window glass of 06 nos watch tower at CWS(X) premises at CWS(X) Talcher. | 585362.00 |
| 26 | 2020_MCL_165998_1 | Renovation and maintenance of toilets and colour washing and painting of Deulbera Dispensary under Lingaraj OCP, Lingaraj Area. | 1063993.00 |
| 27 | 2020_MCL_165999_1 | Repairing of boundary wall near dozer section old gate of HEMM workshop at Lingaraj OCP, Lingaraj Area. | 607963.00 |
| 28 | 2020_MCL_165985_1 | Day to Day maintenance work of residential buildings at Jagriti Vihar Colony for Two Years (i.e. for 730 working days). | 24378409.00 |
| 29 | 2020_MCL_165692_1 | Renovation of Sewerage system at BIT of Lakhanpur area (Phase-II). | 35174366.00 |
| 30 | 2020_MCL_166067_1 | Fabrication of 05 nos. of 60 drum float for mine pumps at Garjanbahal OCP, Basundhara Area. | 2157697.00 |
| 31 | 2020_MCL_166076_1 | AMC for day to day maintenance of electrical establishments of Garjanbahal OCP, Basundhara Area. | 1045094.00 |
| 32 | 2020_MCL_166090_1 | Laying of 200mm MS pipeline, 3000mtr. long from face sump no. 02 to mid-sump no. 01 (Two Fanges) for mine water pumping at Kulda OCP, Basundhara Area. | 1298196.00 |
| 33 | 2020_MCL_165962_1 | Making Platform with Sheet Roofing at the Market near Bharatpur Colony of Bharatpur Project under Bharatpur Area. | 333265.00 |
| 34 | 2020_MCL_165975_1 | Toilet Cleaning for D type Quarters and G.M Bunglow of Bharatpur Project for a period of two years. | 1122024.00 |
| 35 | 2020_MCL_166133_1 | Water proofing arrangement by APP (Atactic Polypropylene Polymer) on residential and non-residential buildings at Deulbera Colony under Lingaraj OCP, Lingaraj Area. | 7820306.00 |
| 36 | 2020_MCL_166206_1 | Repair and maintenance of different coal transportation roads and other service roads during monsoon period at Kaniha OCP of Kaniha Area. | 1014349.00 |
| 37 | 2020_MCL_166201_1 | Temporary supply of water through water tanker to the villages Hariharpur Kaniha Block, Dumduma, Sadashivpur, Godibandha Hospital and Pabitrapur (New Balanda) under Jagannath Area for the year 2020. | 2336525.00 |
| 38 | 2020_MCL_166214_1 | Renovation of existing Jamania and Brajsagar Garland Drain at the external part of Kaniha OCP of Kaniha Area. | 488579.00 |
| 39 | 2020_MCL_166218_1 | Temporary supply of water through water tanker to the villages Chatei Hutting , South Balanda, Bagadhar Mundasahi and Khandualbahal under Jagannath Area for the year 2020. | 1618669.00 |
| 40 | 2020_MCL_166233_1 | Supply of Drinking Water through tankers to Village Jarada Telisingha Chhelia Kansamunda Jaipur Aditya Prasad Gundrunali Gulendo and Malpasi under CSR for a period of 122 Days Summer Season at Kaniha OCP of Kaniha Area. | 2298835.00 |
| 41 | 2020_MCL_166235_1 | Annual Maintenance Contract (AMC) for repair and maintenance of 33 No (s) Eureka Forbes Limited make water purifiers of various models installed at different locations of LOCP, Township and Area Office, Lingaraj Area. | 892782.00 |
| 42 | 2020_MCL_166140_1 | Erection of 3 wire LT overhead lighting line extension of existing street light arrangement from Truck entry point to MDTP chowk and UTLS Haul road main gate to near Darlipali village new road end near haul road of BOCM, Lakhanpur Area, MCL. | 252487.00 |

एमसीएल ई-प्रापण सहायता केन्द्र (फोन नं.-0663-2542695/2542264), ई-मेल : hlp-eproc.mcl@coalindia.in R-4979

*हमारे ऐप्स प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 200 3004 पर एक मिस्ड कॉल दें।*